**परियोजना का नाम :– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत दरमोली–पिठौली मोटर मार्ग के निर्माण हेतु।**

## NOTE FOR JUSTIFICATION

जनपद नैनीताल में एस0सी0एस0पी0 योजना के अन्तर्गत दरमोली पिठौली मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.00 किमी0 लम्बाई की स्वीकृती शासनादेश संख्या 827/111–2/06/06–07 (प्रा0आ0)/05 टी0सी0 एस0सी0पी0 दिनांक 28.03.2006 के तहत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसके क्रम में इस मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाना है।

यह मार्ग क्वारब मौना सरगाखेत मोटर मार्ग के किमी0–26 पोखरी नामक स्थान से प्रारम्भ होकर ग्राम दरमोली एवं पिठौली तक जाता है, मार्ग का समरेंखण निम्नानुसार 1690 मीटर लम्बाई में वन पंचायत भूमि, 10 मीटर लम्बाई में सिविल सोयम भूमि एवं 300 मीटर लम्बाई में नाप भूमि से होकर गुजरता है। जिसमें वन पंचायत भूमि का क्षेत्रफल 1.183 है0 एवं सिविल सोयम भूमि का क्षेत्रफल 0.007 है0 इस प्रकार कुल वन भूमि का क्षेत्रफल 1.190 हैक्टेयर है तथा विभिन्न प्रजाति के कुल 217 वृक्ष प्रभावित हो रहे है। जिसका वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया गया है।

इस मार्ग के निर्माण हो जाने से ग्राम दरमोली एवं पिठौली की जनसंख्या– 897 को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त होगा।

मार्ग निर्माण हेतु समस्त ग्रामवासियों से विचार–विमर्श कर एवं मार्ग में पडने वाले पेड़ो की संख्या न्यूनतम रखते हुए तथा भू–वैज्ञानिक के सुझावो के अनुसार इस मार्ग का समरेंखण तैयार किया गया है, जो अधीक्षण अभियन्ता महोदय से स्वीकृत है। इस मार्ग हेतु अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण उपयुक्त नही है। मार्ग निर्माण हो जाने से ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ, कृषि एवं रोजगार से संबंधित सुविधाओं को प्राप्त करने में सुगमता प्राप्त होगी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी ग्रामवासियों को प्रभावी तरीके से प्राप्त हो सकेगा।

अतः उपरोक्तानुसार मार्ग में पडने वाली वन भूमि का वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्वाव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित है।

26/11/12

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो॰नि॰ विभाग
नैनीताल.

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो॰नि॰वि॰
नैनीताल.